## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री ने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने मोबाइल एप्प का किया लॉन्च

» कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित रोजगार संगी एप्प

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज शाम युवा महोत्सव के समापन समारोह में कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार रोजगार संगी मोबाइल एप्प लॉन्च किया। कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा रोजगार संगी मोबाईल एप्प का निर्माण किया गया है। रोजगार संगी मोबाईल एप्प रोजगार प्रदान करने वाली संस्थाओं अथवा व्यक्ति विशेष तथा कौशल प्रशिक्षित युवाओं के मध्य एक सेतु की तरह कार्य करेगा जिसमें रोजगार प्रदान करने वाली संस्थाएं अथवा व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं से सम्पर्क कर सकते हैं तथा प्रशिक्षित युवक जिन्हें अपनी कुशलता एवं रूचि के अनुरूप रोजगार की तलाश है वे विभिन्न संस्थाओं में उपलब्ध रिक्तियों में से बेहतर का चयन कर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे।

### आईएएस सुब्रत साहू एवं रेणु पिल्ले को मिली पदोन्नति

» राज्य सरकार ने जारी किया आदेश

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार द्वारा आज दो आईएएस अफसर सुब्रत साहू और श्रीमती रेणु जी. पिल्ले को पदोन्नति आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डा. कमलप्रीत सिंह द्वारा इस संबंध में आज आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशनुसार सरकार ने 1991 बैच की श्रीमती रेणु पिल्ले को सेवा के अपेक्स वेतनमान में पदोन्नत करते हुए उन्हें अपर मुख्य सचिव कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा तथा रोजगार विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। साथ ही महानिदेशक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

### वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री आज दौरा से वापस आयेंगे

**रायपुर (आरएनएस)।** वाणिज्यिक कर और उद्योग मंत्री कवासी लखमा एक दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरा से 15 जनवरी को रायपुर वापस आयेंगे। ज्ञातव्य है कि लखमा 13 जनवरी को प्रातः 11.55 बजे रायपुर से प्रयागराज उत्तरप्रदेश के लिए रवाना हुए थे। 15 जनवरी को मंत्री लखमा प्रयागराज इन्टरनेशनल एयरपोर्ट से प्रातः 9.45 बजे विमान से प्रस्थान कर प्रातः 11.35 बजे रायपुर पहुंचेंगे।

### डीएड और डीएलएड अवसर परीक्षा परिणाम आज

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2019 डीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (पुराना पाठ्यक्रम) अंतिम अवसर तथा डी.एल.एड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष अवसर परीक्षा 2019 के परीक्षा परिणाम 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे घोषित किए जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ के हर गांव में खुलेगा राजीव युवा मितान क्लब

» मुख्यमंत्री बघेल ने क्लब के लोगो का किया विमोचन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज युवा महोत्सव के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में गठित होने वाले राजीव युवा मितान क्लब के लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह क्लब प्रदेश के हर गांव में गठित होगा। क्लब को युवा विकास की गतिविधियां चलाने के लिए हर महीने 10 हजार रूपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं से इस क्लब की सदस्यता लेने का आव्हान किया। उल्लेखनीय है कि समाज सुधारक, युगपुरूष और महान दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से आज 14 जनवरी तक तीन दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है।

### राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान 19 से चलाया जाएगा

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान 19 जनवरी रविवार एवं इनके बाद दो दिवसों तक संचालित किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्रीमती पदमिनी भोई साहू ने इसके लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली। कार्यक्रम के दौरान जिले के समस्त 0 से 05 वर्ष तक के आयु समूह के बच्चों को पोलियोंरोधी दवा पिलायी जावेगी।

# सड़क सुरक्षा यातायात के प्रति लोगों को जागरूकता कार्यक्रम एवं छात्राओं को पुरूस्कृत









**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के चतुर्थ दिवस यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं स्कूली बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक करने स्थानीय शासकीय नटवर स्कूल रायगढ़ में सुरक्षित यातायात संबंधित स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उक्त प्रतियोगिता में जिला मुख्यालय के 14 स्कूलों से लगभग 360 स्कूली बच्चे भाग लिये। उक्त प्रतियोगिता से सभी बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला एवं बढ़ चढ़कर भाग लिये। यातायात पुलिस द्वारा प्रतियोगिता समाप्ति उपरांत सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को यातायात निर्देशिका का भी वितरण किया गया। प्रतियोगिता मैं विजयी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा सप्ताह समापन अवसर पर पुरस्कृत किया जावेगा।

जिला मुख्यालय में संचालित सभी ऑटो वाहन चालकों का परिवहन विभाग स्वास्थ्य विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।। स्वास्थ्य एवं नेत्र रोग संबंधी पाए गए चालको को आवश्यक दवाइयां एवं डॉक्टरी सलाह दी गई उक्त परीक्षण शिविर में लगभग 154 वाहन चालकों का परीक्षण किया गया।।

यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा स्थानीय जिंदल बैरियर के पास भारी वाहन चालको का फिटनेस एवं दस्तावेज परीक्षण शिविर आयोजित कर लगभग 75 वाहन चालकों के दस्तावेजों एवं वाहनों के फिटनेस का परीक्षण किया गया।। जागरूकता अभियान को लगातार जारी रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा आज शहर के 4 शैक्षणिक संस्थानों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर रायगढ़, सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर, शालिनी कन्वेंट स्कूल बोईर दादर एवं केंद्रीय विद्यालय रायगढ़ के अध्ययनरत छात्र छात्राओं को यातायात के नियम एवं दुर्घटनाओं से बचाव के बारीकियों से अवगत कराया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के पांचवे दिन यातायात पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय में अध्ययनरत स्कूली बच्चों के सहयोग से आमजन को यातायात के प्रति जागरूक करने यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। जो थाना यातायात से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य चौक चौराहों से होते हुए कमला नेहरू उद्यान चक्रधर नगर में समाप्त होगी।

## स्वामी विवेकानंद एवं चक्रधर दुर्गा हाईस्कूल व मिडिल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन पर जहां एक ओर अपराधों में अंकुश लगाने हेतु जिला पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी है वहीं जिला पुलिस की महिला रक्षा टीम, यातायात पुलिस तथा थाना एवं चौकी प्रभारीगण द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से भी अपराधों में नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इन्हीं निर्देशों पर आज दिनांक 14.01.2020 को पुलिस महिला रक्षा टीम के सदस्य चक्रधर दुर्गा हाई स्कूल व चक्रधर दुर्गा मिडिल स्कूल एवं स्वामी विवेकानंद मिडिल स्कूल में जाकर संवेदना कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बच्चों के अपराधों की रोकथाम के लिये जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। महिला सेल की प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस, महिला प्रधान आरक्षक श्रीमती मंजू चंद्रा व महिला आरक्षक आराधना इंदुलता द्वारा हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूलों के बच्चों को सामूहिक रूप से अच्छे स्पर्श व बुरे स्पर्श, पास्को एक्ट, विधिक सहायता, यातायात नियमों, साइबर क्राइम के संबंध में टीआई संतोषी ग्रेस द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में बच्चों को समीप बुलाकर अवांछनीय हरकतों के बारे में महिला टीम के सदस्यों द्वारा डेमो कर बताया गया। साथ ही इनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई है। छात्राओं को यह भी बताया गया कि जिले के सभी थाने में बाल मित्र पुलिस अधिकारी मौजूद हैं जाएं पुलिस से न डरे पुलिस आपकी सहायता के लिये है। इस दौरान बच्चों को हेल्पलाइन नंबर डायल 112 का डेमो कर दिखाया गया। इस दौरान स्कूल में बच्चों की संख्या 765 रही। साथ ही कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकगण व अन्य स्टाफ भी मौजूद थे।

## तमनार पुलिस ने डीजल के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों पर की कार्यवाही

» स्कार्पियो व 370 लिटर डीजल जप्त




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जानकारी के अनुसार दिनांक 13.01.2020 की रात्रि थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक अभिनव कांत सिंह को सूचना मिली कि कुछ लोग सड़क किनारे खड़ी भारी वाहनों से डीजल चोरी कर ओने पौने दामों में बेचने का व्यापार करते हैं तथा रात्रि में चोरी की डीजल ओडिशा क्षेत्र में खपाने के लिये लेकर जा रहे है।

सूचना पर थाना तमनार के उपनिरीक्षक एस.के. दुबे के हमराह स्टाफ द्वारा हमीरपुर जंगल के पास घेराबंदी कर रात्रि करीब 23.00 बजे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 13 सी- 5817 को रोककर चेक किए जिसमें 13 प्लास्टिक के जरकिन में करीब 370 लीटर डीजल रखा हुआ पाया गया। आरोपियों से पूछताछ करने में (1) मोहम्मद मासूम अंसारी पिता मोहम्मद बसीर अंसारी उम्र 33 साल निवासी कुंजपुरा थाना तमनार (2) राजेश कुमार सिंह पिता महेश्वर प्रताप सिंह 44 वर्ष निवासी सलिहाभाटा थाना तमनार ने डीजल चोरी का होना बताया। दोनों आरोपियों से डीजल व स्कॉर्पियो वाहन जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 41(1+4) सीआरपीसी/379 आईपीसी के तहत कार्यवाही की गई है।

## धरमजयगढ़ पुलिस ने काट पत्ती से जुआ खेल रहे 3 व्यक्तियों को पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना धरमजयगढ की पेट्रोलिंग द्वारा दिनांक 13.01.2020 के रात्रि करीब 08.00 बजे पंडरीमहुआ पुलिया के उपर तास पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे जुआडियान 1. नीतई ठाकुर पिता मधु मण्डल ठाकुर उम्र 32 वर्ष 2. नीतई मण्डल पिता निखील मण्डल उम्र 42 वर्ष 3. दिलीप सिंह पिता सुभाष सिंह उम्र 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम दुर्गापुर को पकड़े। जुआडियान से 1200 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त किया गया है, जिन पर थाना धरमजयगढ़ में 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## घरघोड़ा पुलिस ने 13 टन कोयला किया जप्त



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को दिनांक 13.01.2020 को रात्रि करीब 21:00 बजे मुखबिर से सूचना मिला की घरघोड़ा कोनपारा के डीपापारा जंगल किनारे अवैध रूप से कोयला उत्खनन कर डंप किया जाता है जिस पर थाना प्रभारी घरघोड़ा के हमराह प्रधान आरक्षक आशिक रात्रे एवं स्टाफ द्वारा मौके पर जाकर रेड किया गया जहां जंगल किनारे लावारिस हालत में करीब 13 टन कोयला कीमती 52,000 का एकत्र कर रखा हुआ मिला तथा आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा कोयले को वाहनों से थाना परिसर लाकर सुरक्षित रखवाया गया है। वही जप्त कोयले के संबंध में धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की गई है।

## सरिया थाना मे अवैध धान व सारंगढ़ में कच्ची महुआ शराब के भंडारण पर की बड़ी कार्यवाही

» दो आरोपियों से 85 लिटर कच्ची महुआ शराब जप्त





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** गर्त वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी रायगढ़ अभिषेक वर्मा के कुशल मार्गदर्शन पर अवैध कारोबार करने वालों पर जिला पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इसी क्रम में दिनांक 14.01.2020 को सरिया व सारंगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध धान परिवहन एवं अवैध शराब के भंडारण पर कार्यवाही किया गया है।

थाना प्रभारी सारंगढ़ दिनांक 14.01.2020 को निरीक्षक ए.के.खान को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग कच्ची महुआ शराब अवैध रूप बि क्री के लिये नावापारा कटही जंगल में छिपा कर रखे है।

सूचना पर टी.आई. खान द्वारा थाने के स्टाफ को लेकर नावापारा कटही जंगल के पास पहुँचे तो पुलिस को देखकर दो व्यक्ति भागने लगे जिसे पुलिस स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकडे पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम ओमप्रकाश लहरे पिता सोनाऊ राम लहरे उम्र 28 वर्ष साकिन नावापारा थाना सारंगढ का निवासी बताया जिसे पूछताछ करने पर शराब रखना स्वीकार किया जिसके निशांदेही पर कटही जंगल मे झाडियों के अंदर छिपाकर रखा हुआ 45 लीटर शराब किमती 4500 रूपया तथा दूसरे व्यक्ति हरिशंकर चौरगे पिता देवचरण चौरगे उम्र 28 वर्ष साकिन नावापारा थाना सारंगढ की निशांदेही पर छिपाकर रखा हुआ 40 बल्क लीटर महुआ शराब किमती 4000 रूपया जप्त किया गया है। आरोपियों पर थाना सारंगढ़ में पृथक-पृथक अप.क्र. 36, 37/2020 धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

वहीं थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक अशीष वासनिक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14/01/2020 को मुखबिर सूचना पर नदीगांव रोड प्रमोद ढाबा अकांक्षा राईस मिल के पास नाकेबंदी कर नदीगांव की ओर से आ रही पिकअप वाहन सीजी वीएक्स एएचवी 9826 के चालक को रोकने का प्रयास किये।

पिकअप का चालक पुलिस को देखकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये वहां से भागने की कोशिस करने लगा जिसे स्टाफ ने दौडाकर डब्बु पेट्रोल पंप सरिया के पास रोक कर पुछताछ किये। ड्रायवर ने अपना नाम गुरूचरण चौहान पिता मिलन चौहान उम्र 30 वर्ष सा0 पुजेरीपाली थाना सरिया का होना बताया तथा पिकअप वाहन में लोड 49 कट्टा धान को कृपासिंधु प्रधान नदीगांव रोड सरिया से लाना बताया।

उक्त धान को कृषि उपज मंडी सचिव बरमकेला को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौंपा गया है तथा पिकअप के चालक गुरूचरण चौहान के विरूद्ध अप.क्र. 04/2020 धारा 279 भादंवि के तहत कार्यवाही किया गया है।

## हर साल 12 से 14 जनवरी तक होगा युवा महोत्सव -श्री भूपेश बघेल

» मुख्यमंत्री ने प्रोत्साहन स्वरूप सभी प्रतिभागियों को

» पांच-पांच सौ रुपये देने की घोषणा की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित राज्य युवा महोत्सव में युवाओं के जोश, उत्साह और उनकी मांग को देखते हर साल युवा महोत्सव के आयोजन की घोषणा की। यह आयोजन हर वर्ष स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिन के अवसर पर 12 से 14 जनवरी तक होगा। मुख्यमंत्री ने युवा महोत्सव में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप पांच-पांच सौ रुपए देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में तीन दिनों तक चले राज्य युवा महोत्सव के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के आसंदी से सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि मेरी इच्छा थी कि तीनों दिन आपके कार्यक्रम को देखूं। आपके साथ खेलकर अपने बचपन को याद करूं, लेकिन स्वास्थ्य ने साथ नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लोगों के बीच में भाईचारा है। हम कोई भी गांव, जिले में रहें, हमारा जो संबंध है,जो भाईचारा और एकता है, वह मजबूती के साथ बना रहे। इसी उद्देश्य से इस युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उन्होंने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन हुआ और उसमें 1800 कलाकार शामिल हुए थे, लेकिन इस युवा महोत्सव में 7000 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। श्री बघेल ने कहा कि हमारे नौजवानों के चेहरों पर खुशी दिख रही है। उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सवाल अवसर का है, उत्साह का है और वह अवसर उपलब्ध कराने का काम छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किया गया।

## नजातीय समाज का वैभवशाली इतिहास, इस पर गर्व कर इसे जानेः सुश्री उइके



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज पालघर (महाराष्ट्र) में आदिवासी एकता परिषद् द्वारा आयोजित 27वां आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन में शामिल हुई। उन्होंने महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में जनजातीय समाज की संस्कृति-परम्पराओं का गौरवशाली इतिहास रहा है। हर प्रदेश की संस्कृति वहां की भौगोलिक स्थिति के अनुसार अलग-अलग रही है। हमें अपने वैभवशाली इतिहास को जानना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि संविधान में आदिवासियों के अधिकारों के सरंक्षण के लिए 5वीं अनुसूची सहित विभिन्न प्रावधान किए गए है। यह प्रयास किया जाए कि सभी को प्रावधानों का लाभ मिले। जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए एकलव्य विद्यालय स्थापित किए गए हैं। इसी तरह जनजातीय विश्वविद्यालय भी स्थापित किए जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग धंधों तथा विभिन्न प्रोजेक्ट के कारण जहाँ जहाँ भी आदिवासी विस्थापित किए गए हैं,, उन्हें पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिए और विधिवत विस्थापन भी होना चाहिए। उन्होंने सभी विस्थापित किए जमीनों का डाटा बैंक बनाने का सुझाव दिया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480